# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:26 MARCH. 2026

# एमसीयू में सिनेब्रेशन 3.0 का आगाज

## सिनेमा देखना भी एक कला : राजीव वर्मा




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल :** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव 'सिनेब्रेशन 3.0' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेता राजीव वर्मा ने कहा कि सिनेमा देखना भी एक कला है और इससे विद्यार्थियों में विषय चयन की समझ विकसित होती है।

उन्होंने छात्रों को फिल्म देखने, समझने और उसकी विवेचना करने की आदत विकसित करने की सलाह दी। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, राजीव वर्मा और संजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय फिल्मों के साथ विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा निर्मित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही फिल्म पोस्टर प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि सिनेमा समाज का प्रतिबिंब है और यह तकनीक की महत्वपूर्ण देन है। वहीं संजय श्रीवास्तव ने मध्य प्रदेश को सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध बताते हुए छात्रों के कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक विषयों पर आधारित 13 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें ठग, सिग्नेचर, गुदुम बजा और सैलरी जैसी फिल्में शामिल रहीं। इसके साथ ही नृत्य, नाटक और संगीत जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। फोटोग्राफी उपकरणों की प्रदर्शनी और सिनेमा आधारित पुस्तकों का प्रदर्शन भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। दूसरे दिन और फिल्मों की स्क्रीनिंग, कॉसप्ले और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DANIK NAIDUNIYA'26 MARCH.2026

# एमसीयू में सिनेब्रेशन 3.0 का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिनेमा देखना भी एक कला है। खासकर जो विद्यार्थी फिल्में बना रहे हैं उनमें सिनेमा देखने से विषयों के चयन की समझ बढ़ती है। विद्यार्थियों की बनाई फिल्में उनके शिक्षक और मार्गदर्शक देखें और उसकी विवेचना करें। यह कार्य पत्रकारिता में भी होता है। जो भी खबरें लिखी जाती हैं उनका विश्लेषण भी किया जाता है। इससे विषयों की समझ बढ़ती है। फिल्में बनाने वाले विद्यार्थियों को भी यह अभ्यास करना चाहिए। फिल्म देखना, उसे पसंद करना और फिर उसकी विवेचना करना बहुत जरूरी है। एमसीयू के सिनेब्रेशन 3.0 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और प्रख्यात बॉलीवुड अभिनेता राजीव वर्मा ने उक्त बातें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्मों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वर्मा ने फिल्म पोस्टर प्रदर्शनी की भी प्रशंसा की और उसे मुख्यधारा के सिनेमा के समकक्ष बताया। एमसीयू में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के सिनेमा और जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव एवं फिल्म प्रदर्शनी समारोह सिनेब्रेशन 3.0 का शुभारंभ मंगलवार को हुआ।


NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'HARIBHOOMI'26 MARCH.2026

# एमसीयू में सिनेब्रेशन 3.0 का आगाज

## सिनेमा देखना भी एक कला : राजीव वर्मा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल :** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव 'सिनेब्रेशन 3.0' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेता राजीव वर्मा ने कहा कि सिनेमा देखना भी एक कला है और इससे विद्यार्थियों में विषय चयन की समझ विकसित होती है।

उन्होंने छात्रों को फिल्म देखने, समझने और उसकी विवेचना करने की आदत विकसित करने की सलाह दी। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, राजीव वर्मा और संजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय फिल्मों के साथ विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा निर्मित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही फिल्म पोस्टर प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि सिनेमा समाज का प्रतिबिंब है और यह तकनीक की महत्वपूर्ण देन है। वहीं संजय श्रीवास्तव ने मध्य प्रदेश को सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध बताते हुए छात्रों के कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक विषयों पर आधारित 13 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें ठग, सिग्नेचर, गुदुम बजा और सैलरी जैसी फिल्में शामिल रहीं। इसके साथ ही नृत्य, नाटक और संगीत जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। फोटोग्राफी उपकरणों की प्रदर्शनी और सिनेमा आधारित पुस्तकों का प्रदर्शन भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। दूसरे दिन और फिल्मों की स्क्रीनिंग, कॉसप्ले और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DANIK NAIDUNIYA'26 MARCH.2026

# फिल्मों की स्क्रीनिंग से जानी बारीकियां



भोपाल. ठग, सिग्नेचर, गुदुम बजा, अतिथि, सैलरी और किताब जैसी 13 फिल्मों की स्क्रीनिंग से स्टूडेंट्स ने फिल्मों की कहानी, उनके निर्देशन, अभिनय आदि के बारे में जाना। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सिनेमा और जनसंपर्क विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव एवं फिल्म प्रदर्शनी समारोह 'सिनेब्रेशन 3.0' बुधवार से शुरू हुआ। इसमें फोटोग्राफी, पोस्टर प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है। अभिनेता राजीव वर्मा, एमपीएसडी के निदेशक संजय श्रीवास्तव और एमसीयू के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी भी उपस्थित रहे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PATRIKA'26 MARCH.2026

### एमसीयू में 'सिनेब्रेशन 3.0' का शुभारंभ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ने बांधा समां

# सिनेमा देखना भी एक कलाः वर्मा

■ अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के साथ के छात्रों की फिल्मों की स्क्रीनिंग

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

सिनेमा देखना भी एक कला है। खासकर जो विद्यार्थी फिल्में बना रहे हैं उनमें सिनेमा देखने से विषयों के चयन की समझ बढ़ती है। विद्यार्थियों की बनाई फिल्में उनके शिक्षक और मार्गदर्शक देखें और उसकी विवेचना करें। यह कार्य पत्रकारिता में भी होता है। जो भी खबरें लिखी जाती हैं उनका विश्लेषण भी किया जाता है। इससे विषयों की समझ बढ़ती है। फिल्में बनाने वाले विद्यार्थियों को भी यह अभ्यास करना चाहिए। फिल्म देखना, उसे पसंद करना और फिर विवेचना करना बहुत जरूरी है।

एमसीयू के सिनेब्रेशन 3.0 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और प्रख्यात बॉलीवुड अभिनेता राजीव वर्मा ने उक्त बातें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्मों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। श्री वर्मा ने फिल्म पोस्टर प्रदर्शनी की भी प्रशंसा की और उसे मुख्यधारा के सिनेमा के समकक्ष बताया। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के सिनेमा और जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव एवं फिल्म प्रदर्शनी समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, प्रख्यात फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा तथा मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में आयोजित इस समारोह में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय फिल्मों के साथ-साथ सिनेमा विभाग के छात्रों द्वारा निर्मित फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु एवं मुख्य अतिथियों ने फिल्म पोस्टर प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। फिल्मोत्सव में छात्रों ने अपनी फिल्मों के माध्यम से विविध विषयों, सामाजिक ज्वलंत समस्याओं और समृद्ध सांस्कृतिक कथाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कैमरा और तकनीकी उपकरणों की अग्रणी कंपनियों सोनी और निकॉन द्वारा उनके नवीनतम फोटोग्राफी और वीडियो कैमरा सीरीज की प्रदर्शनी भी सिनेब्रेशन में लगाई है।



## पहले दिन 13 फिल्मों का प्रदर्शन

कार्यक्रम के प्रथम दिन 3 अंतरराष्ट्रीय एवं 4 राष्ट्रीय सहित कुल 13 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से ठग, सिग्नेचर, गुदुम बजा, अतिथि, सैलरी और किताब सहित अन्य फिल्में शामिल थीं। इन फिल्मों में भोपाल के प्रसिद्ध रंगकर्मी शोभा चटर्जी, हर्ष दाऊद, देवराज जोशी तथा अन्य चर्चित कलाकारों ने अभिनय किया है। इस अवसर पर बॉलीवुड गीतों, नाटक, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

## फिल्में आधुनिक समाज का प्रतिबिंब : तिवारी

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि फिल्में आधुनिक समाज का प्रतिबिंब प्रस्तुत करती हैं, साथ ही पारंपरिक मूल्यों का सम्मान भी करती हैं। उन्होंने सिनेमा को तकनीक की एक बेहतरीन देन बताया। श्री तिवारी ने कहा कि आज हिंदी सिनेमा पूरी दुनिया तक पहुंचा है।

## प्रदेश का बॉलीवुड में अहम योगदान : श्रीवास्तव

सिनेब्रेशन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव ने फिल्म उत्सव की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश का बॉलीवुड में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और भोपाल को देश की सांस्कृतिक राजधानी भी कहा जाता है।

## सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं :डॉ. पवित्र

डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने कहा कि सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि शिक्षण और जन-जागरूकता का सशक्त साधन है। उन्होंने छात्रों को रचनात्मक कहानी कहने की कला विकसित करने व सार्थक विषयों पर प्रयोगात्मक फिल्म निर्माण के लिए प्रेरित किया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH'26 MARCH.2026

# एमसीयू में स्थापित होगा सिंधी पत्रकारिता केंद्र

भोपाल. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि एमसीयू में अब सिंधी पत्रकारिता में शोध और शैक्षणिक गतिविधियों को नया विस्तार मिलेगा। विश्वविद्यालय में केआर मलकानी सिंधी पत्रकारिता शोध और संचार केंद्र प्रारंभ करने के लिए अनुबंध किया गया। राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के निदेशक डॉ सुनील कुलकर्णी और पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। सांसद शंकर लालवानी की उपस्थिति में एमओयू हुआ। बताया गया कि इस केंद्र के स्थापित होने से सिंधी भाषा के विषय में लोगों की समझ और बढ़ेगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के रिसर्च कार्य संपन्न होंगे। इससे समाज की विविधता के विषय में लोगों तक जानकारी पहुंचेगी। साथ ही शोधार्थी इस विषय पर नए-नए शोध कर सकेंगे। इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रवि प्रकाश टेकचंदानी, भारत सरकार के सिंधी साहित्य अकादमी के सलाहकार मंडल के सदस्य अशोक मनवानी, दिलीप मंगतानी ,मनोज राजानी देवास, राजेंद्र मनवानी, जस्टिस मनोहर ममतानी पूर्व अध्यक्ष मप्र मानव अधिकार आयोग सहित अनेक लोग मौजूद थे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PATRIKA'26 MARCH.2026

# सिंध छोड़ा, संस्कार नहीं छोड़े, सांस्कृतिक विरासत ही पहचान : सांसद शंकर लालवानी



अनुबंध समारोह में अतिथियों को साहित्य वितरण किया गया। ● सौजन्य : आयोजक

**नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** सिंधी समाज ने धर्म की रक्षा के लिए सिंध प्रांत छोड़ा लेकिन संस्कार नहीं छोड़े। अपने परिश्रम व संस्कारों के लिए ही समाज ने देश में अलग स्थान बनाया है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद ने संयुक्त रूप से केआर मलकानी सिंधी पत्रकारिता एवं संचार केंद्र की स्थापना की है।

इसके लिए बुधवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सिंधी पत्रकारिता के क्षेत्र में यह ऐतिहासिक निर्णय है। इसके लिए विवि एवं परिषद ने सराहनीय पहल की है। विवि के कुलगुरू विजय

● सिंधी पत्रकारिता, शोध और संचार केंद्र के लिए अनुबंध, युवाओं को अवसर मिलेंगे

मनोहर तिवारी ने कहा कि मुझे महान राष्ट्रवादी चिंतक, पूर्व सांसद, पूर्व राज्यपाल केआर मलकानी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। आज उनकी स्मृति में केंद्र की स्थापना गौरव की बात है। तिवारी ने कहा कि मलकानी की पुस्तक द सिंध स्टोरी हर भारतीय के घर में होनी चाहिए। समारोह को परिषद के निदेशक डा. सुनील कुलकर्णी, पूर्व निदेशक डा. रविप्रकाश टेकचंदानी, मप्र मानव अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष मनोहर ममतानी, अशोक मनवानी एवं नवदुनिया के पत्रकार दिलीप मंगतानी ने भी संबोधित किया।

## सिंधी युवाओं को मिलेगा मौका

परिषद के निदेशक डॉ सुनील कुलकर्णी और पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। अनुबंध होने से सिंधी युवाओं को शोध के अवसर भी मिलेंगे। कार्यक्रम का संचालन दीपिका सक्सेना ने किया। विश्वविद्यालय की कुल सचिव डा पी शशि कला ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर जया सुरजानी, राजेंद्र मनवानी, नरेश तलरेजा एवं राम आसूदानी सहित अनेक लोग मौजूद थे। सिंधी साहित्य अकादमी के सलाहकार मंडल के सदस्य अशोक मनवानी ने साहित्य वितरण किया। इस केंद्र के माध्यम से सिंधी पत्रकारिता के पाठ्यक्रमों एवं विविध शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'26 MARCH.2026

# मलकानी सिंधी पत्रकारिता केंद्र स्थापित करने एमओयू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में के.आर. मलकानी सिंधी पत्रकारिता एवं संचार केंद्र की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण अनुबंध किया गया। यह समझौता राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के सहयोग से संपन्न हुआ।

एमओयू पर परिषद के निदेशक डॉ. सुनील कुलकर्णी और विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रवि प्रकाश टेकचंदानी, अशोक मनवानी, कुलसचिव शशिकला एवं अन्य प्राध्यापक और मीडिया प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस केंद्र के माध्यम से सिंधी पत्रकारिता के पाठ्यक्रमों के साथ विभिन्न शैक्षणिक और प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन किया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र में शोध और अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा।



NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DANIK NAIDUNIYA'26 MARCH.2026